Registered with Registrar of Newspapers under ...
Postal Registration No. MH/MR/South - 179/2012-14

# मोमबत्ती जलाओ

दियासलाई से मोमबत्ती तो तुमने जलाई ही होगी। जलती हुई दियासलाई को मोमबत्ती की बत्ती से छुआओ और बस जल गई मोमबत्ती। पर क्या तुम दियासलाई को बत्ती से बिना छुआए भी मोमबत्ती जला सकते हो?



पड़ गए ना चक्कर में? तो आओ देखें कि यह कमाल कैसे किया जा सकता है।

सबसे पहले एक मोमबत्ती लो और उसे एक सुरक्षित स्थान पर रखकर जलाओ। नहीं, नहीं, पहली बार तो मोमबत्ती दियासलाई से छुआए बिना नहीं जलेगी। पहली बार जलाने के लिए तो जलती हुई दियासलाई को मोमबत्ती की बत्ती से छुआना ही पड़ेगा। जलती हुई मोमबत्ती को जलने दो।

करीब दो मिनट बाद एक दियासलाई जलाकर एक हाथ में पकड़ लो और मोमबत्ती को एक हल्की फूंक से बुझा दो। तुमने क्या देखा? मोमबत्ती को बुझाते ही उसमें से एक सफेद–सा धुंआ निकलने लगता है ना?

अब झट से जलती हुई दियासलाई को सफेद धुंए से छुआ दो (बत्ती से नहीं)।

क्या हुआ?

जल गई ना मोमबत्ती दूर से ही?

चाहो तो इसको एक खेल भी बना सकते हो। प्रतियोगिता करके देखो कि तुममें से कौन सबसे ज्यादा दूरी से मोमबत्ती को जला पाता है।

अपने दोस्तों के साथ चर्चा करो कि मोमबत्ती ऐसे दूर से ही आग कैसे पकड़ लेती है।